विज्ञापन संख्या :- 03/BPNL/2024-25 U01407RJ2009PLC029581

**APPLY ONLINE**

# भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड

## आवश्यकता

### 1. सूचना :-

भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड द्वारा वर्ष 2021-22, 2022-23 में **"स्वस्थ पशु सुरक्षित पशुपालक" योजना व "कौशल विकास कार्यक्रम"** के अंतर्गत जिन पदों के लिये आवेदन मांगे गये थे उनमे से कुछ पदों पर पद संख्या से कम आवेदन आने, पदानुसार योग्य उम्मीदवार नहीं मिलने व चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति दिये जाने के पश्चात् ज्वाइन नहीं करने पर कुछ पद रिक्त रह गये थे | अतः रिक्त रहे पदों हेतु पुनः आवेदन माँग कर रिक्त पद भरे जा रहे है | कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं स्वस्थ पशु सुरक्षित पशपालक योजना को संचालित करने हेतु स्थानीय जिला/ तहसील/ ब्लॉक/ ग्राम सभा/ पंचायत स्तर पर निम्न पदों पर कार्य करने के इच्छुक सक्षम उम्मीदवारों से पुनः ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है |

### 2. आवेदन का तरीका :-

1. **ऑनलाइन :-** ऑनलाइन आवेदन के लिये निगम की वेबसाइट https://www.bharatiyapashupalan.com/ पर जायें तथा Apply Online पर क्लिक करें |
2. ऑनलाइन आवेदन पत्र में समस्त वांछित सूचना अंकित करें | आवेदन भरने से पूर्व विज्ञप्ति को ध्यानपूर्वक पढ़ लें | कोई सूचना गलत या अपूर्ण भरने पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी |

### 3. पद का नाम/ पद संख्या/ पारिश्रमिक :-

| क्र.स. | पदनाम | पद संख्या | मासिक वेतन (रुपयों में)☆ |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रशिक्षण प्रभारी | 572 | 18500/- |
| 2. | प्रशिक्षण समन्वयक | 1198 | 15600/- |
| 3. | पशु सेवक | 1078 | 20,000/- |
| 4. | कार्यालय सहायक (कम कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 314 | 15,000/- |
| 5. | डिजिटल मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव | 32 | 30,000/- |

आवेदक विज्ञापित एक से अधिक पदों के लिए अलग - अलग आवेदन प्रस्तुत करे रिक्त पदों की संख्या में कमी या वृद्धि की जा सकती है |

☆ उपर्युक्त मासिक वेतन / लाभ आपके कुल लक्ष्य के अनुसार आंकलित किया गया है | लक्ष्यानुसार कार्य नहीं करने पर मासिक वेतन का भुगतान नियमानुसार आनुपातिक कटौती कर किया जाएगा|

☆उपर्युक्त मासिक वेतन के अलावा किसी भी प्रकार का अन्य भत्ता देय नहीं होगा |

**<u>नोट</u>:-** निगम में 2 साल कार्यकाल पूरा होने के बाद विशेषाधिकार के रूप में यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता,आवास भत्ता आदि नियमानुसार दिया जाएगा|

## 4. पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता :-

| क्र.स. | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1. | प्रशिक्षण प्रभारी | • भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक<br>• कौशल विकास प्रशिक्षण में प्रवेश दिलवाने कार्य में अनुभव रखने वाले आवेदक को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी | |
| 2. | प्रशिक्षण समन्वयक | • भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से किसी भी विषय में 12वीं उत्तीर्ण<br>• कौशल विकास प्रशिक्षण में प्रवेश दिलवाने कार्य में अनुभव रखने वाले आवेदक को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी | |
| 3. | पशु सेवक | • भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से किसी भी विषय में 10वीं उत्तीर्ण |<br>• मार्केटिंग क्षेत्र में अनुभव रखने वाले आवेदक को चयन में वरीयता दी जायेगी | |
| 4. | कार्यालय सहायक (कम कम्प्यूटर ऑपरेटर) | • भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से किसी भी विषय में 12वीं उत्तीर्ण |<br>• हिंदी - अंग्रेजी टाइपिंग ज्ञान |<br>• कार्यालय के लिए योग्य अनुभव | |
| 5. | डिजिटल मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव | • भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से किसी भी विषय में 12वीं उत्तीर्ण |<br>• डिजिटल मार्केटिंग में डिप्लोमा / प्रमाण पत्र आवश्यक |<br>• कम्प्यूटर कार्य व डिजिटल मार्केटिंग में अनुभव रखने वाले आवेदक को चयन में वरीयता दी जायेगी | |

**<u>अन्य योग्यताऐं</u> :-**

1) **स्वास्थ्य** - निगम में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवार अच्छे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का होना चाहिए |
2) **चरित्र** - निगम में सीधी भर्ती के लिए आवेदक का चरित्र अच्छा / उत्तम होना चाहिए |

**<u>विशेष</u>:-** उपर्युक्त योग्यता रखने वाले उम्मीदवार इस भर्ती के लिये आवेदन कर सकते है, उम्मीदवार द्वारा चयनित किए गए क्षेत्र में ही कार्य का अवसर प्रदान किया जाएगा |

चूंकि यह (पद संख्या 1 से 3) फील्ड जॉब है अतः चयनित आवेदकों को दिये गये फील्ड में कार्य कर नियमानुसार कार्य की रिपोर्टिंग करनी होगी |

## 5. आयु सीमा :-

| क्र.स. | पदनाम | आयु सीमा ( वर्षों में) |
|---|---|---|
| 1. | प्रशिक्षण प्रभारी | 21-40 |
| 2. | प्रशिक्षण समन्वयक | 21-40 |
| 3. | पशु सेवक | 18-40 |
| 4. | कार्यालय सहायक ( कम कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 21-40 |
| 5. | डिजिटल मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव | 21-30 |

**नोट :- आयु सीमा की गणना आवेदन करने की दिनांक के अनुसार की गयी है |**

## 6. आवेदन अंतिम तिथि :-

**दिनांक 27 अगस्त 2024 रात्रि 12:00 बजे तक |**

## 7. आवेदन शुल्क :-

| क्र.स. | पदनाम | वर्ग | आवेदन शुल्क(रुपयों में) ☆ |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रशिक्षण प्रभारी | सभी वर्गों के लिये | 826/- |
| 2. | प्रशिक्षण समन्वयक | सभी वर्गों के लिये | 708/- |
| 3. | पशु सेवक | सभी वर्गों के लिये | 708/- |
| 4. | कार्यालय सहायक ( कम कम्प्यूटर ऑपरेटर) | सभी वर्गों के लिये | 708/- |
| 5. | डिजिटल मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव | सभी वर्गों के लिये | 590/- |

☆ भारत सरकार के नियमानुसार आवेदन शुल्क में 18% GST शामिल है |
☆ निगम निजी क्षेत्र में पब्लिक लिमिटेड कम्पनी है आवेदन शुल्क सभी वर्गों के लिये समान है किसी भी प्रकार की छूट नहीं है |
☆ आवेदन शुल्क की राशि अप्रतिदेय अर्थात वापसी देय नहीं है |

उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत

## 8. पद अनुसार लक्ष्य, कार्य दायित्व, अधिकार, कर्तव्य एवं आपके लाभ :-

| क्र.स. | पदनाम | लक्ष्य एवं कार्य दायित्व, अधिकार, कर्तव्य एवं आपके लाभ |
|---|---|---|
| 1. | प्रशिक्षण प्रभारी | **लक्ष्य एवं कार्य दायित्व**<br>➢ तहसील स्तर पर निगम की डेयरी फार्म, बकरी फार्म, कड़कनाथ पोल्ट्री / मुर्गी फार्म परियोजनाओं |

| | | |
|---|---|---|
| | | के आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण को आमजन में प्रचार - प्रसार करना \|<br>➢ निगम की उपरोक्त परियोजनाओं के बारे में शिक्षित ग्रामीण बेरोजगार व कृषि पशुपालन क्षेत्र में रूचि रखने वाले युवाओं को जागरूक कर आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण में प्रवेश दिलवाना \|<br>➢ प्रशिक्षण समन्वयक की सहायता से आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण में प्रति सत्र (6 माह ) न्यूनतम 120 मासिक प्रवेश दिलवाना होगा \|<br>➢ उक्त 120 प्रवेश हेतु आपको नियुक्ति के पश्चात एक माह का ही समय दिया जायेगा \|<br>**<u>अधिकार</u>**<br>➢ प्रशिक्षण प्रभारी के अधीन न्यूनतम 2 प्रशिक्षण समन्वयक होना आवश्यक है \|<br>➢ प्रशिक्षण प्रभारी के कार्य क्षेत्र में यह संख्या नहीं होने या कम होने की स्थिति में निगम की लिखित अनुमति के साथ प्रशिक्षण समन्वयक नियुक्त किये जा सकेंगे \|<br>**<u>कर्तव्य</u>**<br>➢ क्षेत्र में प्रशिक्षण समन्वयक नहीं होने की स्थिति में सम्पूर्ण लक्ष्य प्रशिक्षण प्रभारी द्वारा पूरा किया जाएगा \|<br>➢ सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश देना एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करना \|<br>➢ निगम को निश्चित प्रपत्र पर अपने कार्यों की प्रत्येक सप्ताह रिपोर्ट देना \|<br><br>**<u>आपके लाभ :-</u>**<br>➢ लक्ष्यानुसार आपका मासिक वेतन 18,500/- देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी \|<br>➢ मासिक लक्ष्य की प्राप्ति पर 2000 रु. भत्ता निगम द्वारा अलग से देय होगा \| लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर यह भत्ता देय नहीं होगा \| |
| 2. | प्रशिक्षण समन्वयक | **<u>लक्ष्य एवं कार्य दायित्व</u>**<br>➢ पंचायत समिति स्तर पर निगम की डेयरी फार्म, बकरी फार्म, कड़कनाथ पोल्ट्री / मुर्गी फार्म परियोजनाओं के आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण को आमजन में प्रचार - प्रसार करना \|<br>➢ निगम की सभी योजनाओं को आमजन में प्रचारित कर उनको इस कार्यक्रम से जोड़ना \|<br>➢ प्रशिक्षण समन्वयक द्वारा नियुक्त किये गये प्रशिक्षण सहायक/को के सहयोग से आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण में प्रति सत्र (6 माह ) न्यूनतम 60 मासिक प्रवेश दिलवाना होगा \|<br>➢ उक्त 60 प्रवेश हेतु आपको नियुक्ति के पश्चात एक माह का ही समय दिया जायेगा \|<br>**<u>अधिकार</u>**<br>➢ प्रशिक्षण समन्वयक के अधीन न्यूनतम 5 प्रशिक्षण सहायक होना आवश्यक है \| प्रशिक्षण समन्वयक के कार्य क्षेत्र में निगम की लिखित अनुमति के साथ प्रशिक्षण सहायक नियुक्त किये जा सकेंगे \|<br>**<u>कर्तव्य</u>**<br>➢ क्षेत्र में प्रशिक्षण सहायक नहीं होने की स्थिति में सम्पूर्ण लक्ष्य प्रशिक्षण समन्वयक द्वारा पूरा किया जाएगा \|<br>➢ सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश देना एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करना \|<br>➢ निगम को निश्चित प्रपत्र पर अपने कार्यों की प्रत्येक सप्ताह रिपोर्ट देना \| |

| | | |
|---|---|---|
| | | **<u>आपके लाभ :-</u>**<br>➢ लक्ष्यानुसार आपका मासिक वेतन 15,600/- देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी \|<br>➢ मासिक लक्ष्य की प्राप्ति पर 1500 रु. भत्ता निगम द्वारा अलग से देय होगा \| लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर यह भत्ता देय नहीं होगा \| |
| 3. | पशु सेवक | **<u>लक्ष्य एवं कार्य दायित्व</u>**<br>➢ स्थानीय ग्राम पंचायत में निगम के पशुपालक उन्नति केंद्र की स्थापना करना \|<br>➢ निगम की "स्वस्थ पशु सुरक्षित पशुपालक" योजना का प्रचार- प्रसार करना तथा उपरोक्त योजना का लाभ पशुपालकों तक पहुँचाना \|<br>➢ निगम के पशुपालक उन्नति केंद्र के माध्यम से प्रत्येक दिन 5 पशुपालकों को निगम के उत्पाद स्पेशल गोल्ड दूध धारा कैल्शियम सीरप का विक्रय करना तथा प्रत्येक कैन पर एक लाख का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा निःशुल्क जारी करना \|<br>➢ ग्राम पंचायत स्तर पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित कर मासिक 3 प्रवेश दिलवाना \|<br>**<u>कर्तव्य</u>**<br>➢ निगम को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट देना \|<br>**<u>आपके लाभ :-</u>**<br>➢ लक्ष्यानुसार आपका मासिक वेतन 20,000/- देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी \|<br>➢ मासिक लक्ष्य की प्राप्ति पर 1000 रु. वाहन भत्ता निगम द्वारा अलग से देय होगा \| लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर यह भत्ता देय नहीं होगा \| |
| 4. | कार्यालय सहायक (कम कम्प्यूटर ऑपरेटर) | **<u>लक्ष्य एवं कार्य दायित्व</u>**<br>➢ BPNL पशुपालक कौशल प्रशिक्षण केन्द्र के समुचित रिकॉर्ड का प्रबंधन करना \|<br>➢ कंप्यूटर से सम्बंधित कार्य एवं केंद्राधीक्षक द्वारा बताई गई जिम्मेदारियाँ पूर्ण करना \|<br>➢ सभी प्रकार के रिकॉर्ड , दस्तावेज रखना , कार्यालय कार्य एवं केंद्राधीक्षक द्वारा चाहे गए कार्य पूर्ण करना \|<br>**<u>कर्तव्य</u>**<br>➢ निगम/ केंद्राधीक्षक को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट देना \|<br>**<u>आपके लाभ :-</u>**<br>➢ आपका मासिक वेतन 15,000/- देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी \| |
| 5. | डिजिटल मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव | **<u>लक्ष्य एवं कार्य दायित्व</u>**<br>➢ भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड से संबंधित सभी सोशल मीडिया अकाउंट्स, वेब पेज, मोबाइल एप व यूट्यूब चैनल का प्रचार-प्रसार व संचालन करना \|<br>➢ सभी सोशल मीडिया अकाउंट्स पर प्रत्येक दिन जानकारी, न्यूज़ एवं अपडेट पोस्ट करना \|<br>➢ डिजिटल मार्केटिंग से संबंधित अन्य आवश्यक कार्यों को पूरा करना \| |

| | | |
|---|---|---|
| | | **आपके लाभ :-**<br>➢ लक्ष्यानुसार आपका मासिक वेतन 30,000/- देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी | |

**विशेष :-** किसी भी कर्मचारी को किसी भी तरह का विज्ञापन, प्रचार - प्रसार सामग्री एवं अन्य स्टेशनरी का खर्चा निगम की अनुमति के बिना देय नहीं होगा | अतः उपरोक्त पर किसी भी तरह का खर्चा करने से पूर्व निगम से लिखित अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है | बिना अनुमति के किये गये व्यय की जिम्मेदारी स्वयं कर्मचारी की होगी |

**विशेष :-**

1. लक्ष्यानुसार कार्य नहीं करने पर मासिक वेतन का भुगतान नियमानुसार आनुपातिक कटौती कर किया जाएगा|
2. अंतिम रूप से चयनित सभी आवेदकों को निगम द्वारा **2.5 लाख रु.** का दुर्घटना बीमा निःशुल्क किया जायेगा |

## 9. चयन प्रक्रिया :-

(क).सर्वप्रथम अंतिम तिथि तक प्राप्त सभी आवेदन पत्रों की जाँच की जायेगी |

**विशेष:-** आवेदक आवेदन पत्र में स्वयं का मोबाइल नंबर व ई-मेल आईडी भरें | गलत मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी के लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा |

(ख) आवेदन पत्र प्राप्ति के पश्चात् फॉर्म में भरी गयी जानकारी के आधार पर ऑनलाइन परीक्षा (Online Exam) की सूचना आपकी रजिस्टर्ड ईमेल आई डी पर भेजी जाएगी | **ऑनलाइन परीक्षा की तिथि व समय विज्ञापन की अंतिम तिथि से एक माह के बाद आवेदक की रजिस्टर्ड ई मेल पर भेजी जायेगी |**

(ग) ऑनलाइन परीक्षा में सफल रहे आवेदकों को ई-मेल के द्वारा कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र भेजा जायेगा, जिसे आवेदक द्वारा 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटेरी करवाकर डाक के माध्यम से निगम के पते पर भेजना होगा। उपरोक्त दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर साक्षात्कार नहीं लिया जायेगा व आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा |

**विशेष :-** निगम द्वारा कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र भेजे जाने सम्बंधित ई-मेल में दिए गये सभी निर्देशों को आवेदक द्वारा अच्छी तरह पढ़ एवं समझ कर कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र को 100 रूपये के स्टाम्प पर नोटेरी करवाकर निगम कार्यालय में अंतिम तिथि तक भेजना आवश्यक है यदि किसी आवेदक द्वारा गलत व अपूर्ण घोषणा पत्र भेजा जाएगा तो, गलत व अपूर्ण घोषणा पत्र को निगम द्वारा निरस्त कर दिया जायेगा व साक्षात्कार की सूचना नहीं भेजी जायेगी |

(घ) जिन आवेदकों द्वारा निगम से भेजा गया कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र 100 रूपये के स्टाम्प पर नोटेरी करवाकर निगम कार्यालय में भेजा जायेगा केवल उन्ही आवेदकों को साक्षात्कार के लिये ईमेल के माध्यम से बुलावा भेजा जायेगा | साक्षात्कार के समय आवेदक को पद के अनुसार मूल शैक्षणिक दस्तावेज, पहचान पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र व इन सभी की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति प्रस्तुत करनी होगी |

(ङ) साक्षात्कार में सफल रहने वाले आवेदकों को कार्यशैली, रिपोर्टिंग व अन्य आवश्यक जानकारी के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसकी सूचना निगम द्वारा आवेदक की रजिस्टर्ड ईमेल आई डी पर दी जायेगी | यह प्रशिक्षण जयपुर /लखनऊ में होगा जिसके लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा | प्रशिक्षण में होने वाला शेष व्यय निगम द्वारा वहन किया जायेगा |

(च) अंतिम रूप से चयनित सभी आवेदकों को निगम द्वारा 2.5 लाख रु. का दुर्घटना बीमा निःशुल्क किया जायेगा |

| क्र.स. | पदनाम | लिखित परीक्षा | साक्षात्कार परीक्षा | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रशिक्षण प्रभारी | 50 अंक | 50 अंक | 100 अंक |
| 2. | प्रशिक्षण समन्वयक | 50 अंक | 50 अंक | 100 अंक |
| 3. | पशु सेवक | 50 अंक | 50 अंक | 100 अंक |
| 4. | कार्यालय सहायक (कम कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 50 अंक | 50 अंक | 100 अंक |
| 5. | डिजिटल मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव | NA | 50 अंक | 50 अंक |

- आवेदक द्वारा लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिये दोनों में अलग अलग 50% अंक लाना अनिवार्य है |
- ऑनलाइन परीक्षा का सिलेबस व ऑनलाइन परीक्षा की विस्तृत जानकारी साथ में संलग्न है | आवेदक इसको ध्यानपूर्वक पढ़े व उसी अनुसार तैयारी करें |

## 10. परीक्षा का स्थान :-

निगम द्वारा परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से ली जायेगी | आवेदक यह परीक्षा किसी भी कम्प्यूटर सेंटर, साइबरकैफ़े, लैपटॉप, डेक्सटॉप व मोबाइल के माध्यम से किसी भी स्थान से दे सकते है | इस परीक्षा के लिये निगम द्वारा कोई भी परीक्षा केंद्र व प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जायेगा, ऑनलाइन परीक्षा के लिए आवेदकों को एक लिंक उनकी रजिस्टर्ड ईमेल पर भेजा जायेगा। अधिक जानकारी साथ में संलग्न सिलेबस में दी गयी है उसको ध्यानपूर्वक पढ़े | यदि किसी आवेदक को अपनी ईमेल आईडी के INBOX या SPAM BOX में ऑनलाइन परीक्षा लिंक का ईमेल परीक्षा की दिनांक से दो दिन पहले प्राप्त नहीं होता है तो वो शीघ्र निगम की हेल्पलाइन पर संपर्क करे |

## 11. आवेदन प्रक्रिया :-

1.ऑनलाइन आवेदन के लिये निगम की वेबसाइट https://www.bharatiyapashupalan.com/ पर जाये तथा Apply Online पर क्लिक करें |

2. ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व विस्तृत विज्ञापन (Vacancy PDF) / नियम व शर्तों को डाउनलोड कर सभी जानकारियों को आवश्यक रूप से पढ़े।

3. ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व स्कैन की हुई पासपोर्ट साइज फोटो एवं हस्ताक्षर (फोटो छः माह से ज़्यादा पुरानी नहीं होनी चाहिए) तैयार रखें |

4. ऑनलाइन फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारी आवश्यक रूप से भरे |

**नोट :- आवेदक को सलाह दी जाती है कि ई - मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर स्वयं का भरे |**

**5.** ऑनलाइन भुगतान :- आवेदन शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के डेबिट कार्ड , क्रेडिट कार्ड, UPI, वॉलेट और नेट बैंकिंग से किया जा सकता है | आवेदन शुल्क का भुगतान कर आवेदक कॉपी अपने पास सुरक्षित रखें |

6. आवेदक को सलाह दी जाती है कि वह आवेदन पत्र एवं आवेदन शुल्क की रसीद का प्रिंट लेकर भविष्य के लिए सुरक्षित रखें | आवेदन पत्र को निगम के कार्यालय में भिजवाना आवश्यक नहीं है |

7. उपरोक्त भर्ती से सम्बंधित सभी सूचनायें निगम द्वारा ई - मेल आई डी के माध्यम से आवेदक को भेजी जायेगी | अतः आवेदक अपनी ई-मेल आई डी (स्वयं की) पूर्ण एवं सही लिखे | गलत पता एवं गलत ई - मेल आई डी लिखने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी |

## 12. स्कैन फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के दिशा निर्देश:-

### 1. फोटो अपलोड करने के दिशा निर्देश :-

- फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं होने पर आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है |
- आवेदक को रंगीन नवीन फोटो अपलोड करनी होगी, मोबाइल और अन्य स्व रचित फोटो का उपयोग न करें |
- फोटो में आवेदक का चेहरा कम से कम 55 प्रतिशत जगह घेरना चाहिए |
- यदि आप चश्मा पहनते है तो फोटो खिंचवाते समय चश्मा पहन सकते है, लेकिन चश्मे पर चमक (फ़्लैश) नहीं होनी चाहिए|
- आवेदक की फोटो में काला या धुप का चश्मा नहीं होना चाहिए |
- फोटो जेपीईजी(JPEG) प्रारूप में होनी चाहिए |
- फोटो फाइल का आकार 50 Kb. से 100 Kb. तक होना चाहिए |
- प्रवेश के समय आवदेन पत्र पर लगी हुई फोटो आवेदक से मेल खानी चाहिए, अन्यथा आवेदक अयोग्य ठहराया जा सकता है|

### 2. हस्ताक्षर अपलोड करने के निर्देश:-

- हस्ताक्षर केवल आवेदक द्वारा किया जाना चाहिए, अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा हस्ताक्षर मान्य नहीं होगा |
- केवल जेपीईजी(JPEG) प्रारूप को स्वीकार किया जाएगा |
- फोटो फाइल का आकार 20 Kb. से 50 Kb. तक होना चाहिए |
- प्रवेश के समय आवेदक के हस्ताक्षर अपलोड हस्ताक्षर से मेल खाने चाहिए, अन्यथा आवेदक अयोग्य ठहराया जा सकता है |

## 13. सामान्य जानकारी :-

1. भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड एक निजी क्षेत्र की पब्लिक लिमिटेड कंपनी है जिसकी स्थापना सन 2009 में की गयी थी |
2. निगम के बारे में अधिक जानकारी के लिये निगम की आधिकारिक वेबसाइट https://www.bharatiyapashupalan.com पर जाये, अथवा निगम के आधिकारिक सोशल मीडिया चैनल व यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब करें | अन्य किसी माध्यम से प्राप्त की गयी जानकारी के लिये भारतीय पशुपालन निगम जिम्मेदार नहीं होगा | निगम हेल्पलाइन न. 0141- 2202271, 9351899199 (सोमवार से शनिवार , सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक )
3. प्रत्येक पद हेतु आवेदन अलग - अलग करने होंगे |
4. आवेदन शुल्क की राशि अप्रतिदेय है अर्थात वापसी देय नहीं है |
5. किसी भी पद के लिए किये गए आवेदन को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है | इस हेतु आवेदनकर्ता का कोई भी आपत्ति मान्य नहीं है |
6. निगम द्वारा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन ही स्वीकार किये जायेंगे | अपूर्ण रहे आवेदनों को निगम द्वारा अस्वीकार कर सुचना ई - मेल आई डी अथवा डाक से भेजी जाएगी, एवं आवेदन निरस्त कर अन्य अवसर नहीं दिया जायेगा | आवेदन पत्र में ई - मेल आई डी ( स्वयं की ) लिखना अनिवार्य है | आवेदक द्वारा गलत ई - मेल आई डी लिखना अथवा निगम द्वारा भेजी गई ई - मेल को नहीं पढ़ने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी, एवं इस सम्बन्ध में निगम द्वारा कोई भी वाद- विवाद स्वीकार नहीं किया जायेगा |


7. उपरोक्त भर्ती से सम्बंधित सभी सूचनायें निगम द्वारा डाक अथवा ई - मेल आई डी के माध्यम से आवेदक को दी जायेगी | अतः आवेदक आपकी डाक का पता एवं ई - मेल आई डी (स्वयं की) पूर्ण एवं सही लिखे | गलत पता एवं गलत ई - मेल आई डी लिखने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी |
8. निगम द्वारा आवेदक को इस भर्ती से सम्बंधित सारी सूचनायें आवेदक के द्वारा लिखी गयी ईमेल आईडी पर ही भेजी जायेगी। आवेदक सूचना के लिये अपनी ईमेल आईडी के INBOX व SPAM BOX को चेक करें।

## 14. <u>उत्पाद ट्रांसपोर्ट सम्बंधित नियम :-</u>

निगम के उत्पाद के ट्रांसपोर्ट का खर्चा निगम द्वारा वहन किया जायेगा | उपरोक्त संबंध में अधिक सहायता के लिये आप नीचे दिए गए हेल्पलाइन नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है।

हेल्पलाइन नम्बर - 0141-2202271 (सोमवार से शनिवार सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक)

**<u>विशेष</u>** :- निगम के उत्पाद मंगवाने के लिये अग्रिम भुगतान करना होता है | जमा की गई राशि के एवज में उत्पाद भेजें जायेगे | निगम द्वारा किसी भी तरह की सुरक्षा राशि नहीं ली जाती है |













**APPLY ONLINE**